शीतला माता की आरती

जय शीतला माता, मैया जय शीतला माता।

आदि ज्योति महारानी सब फल की दाता॥जय...॥

रतन सिंहासन शोभित, श्वेत छत्र भाता।

ऋद्धि सिद्धि मिल चँवर डोलावें,

जगमग छवि छाता॥ जय...॥

विष्णु सेवत ठाढ़े, सेवें शिव धाता।

वेद पुराण वरणत, पार नहीं पाता॥ जय...॥

इन्द्र मृदंग बजावत चन्द्र वीणा हाथा।

सूरज ताल बजावे नारद मुनि गाता॥ जय...॥

घंटा शंख शहनाई बाजे मन भाता।

करै भक्त जन आरती लखि लखि हर्षाता॥ जय...॥

ब्रह्म रूप वरदानी तुही तीन काल ज्ञाता।

भक्तन को सुख देती मातु पिता भ्राता॥ जय...॥

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.Com

जो जन ध्यान लगावे प्रेम शक्ति पाता।

सकल मनोरथ पावे भवनिधि तर जाता॥ जय...॥

रोगों से जो पीड़ित कोई शरण तेरी आता।

कोढ़ी पावे निर्मल काया अन्ध नेत्र पाता॥ जय...॥

बांझ पुत्र को पावे दारिद्र कट जाता।

ताको भजै जो नाहीं सिर धुनि पछताता॥ जय...॥

शीतल करती जन की तू ही है जग त्राता।

उत्पत्ति बाला बिनाशन तू सब की माता॥ जय...॥

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.Com

दास नारायण कर जोरी माता।

भक्ति आपनी दीजै और न कुछ माता॥ जय…॥

हिन्दीपथ.कॉम

अन्य आरतिया पढ़ें

- गणेश जी
- हनुमान जी
- शनि देव
- अम्बे तू है जगदम्बे
- ओम जय जगदीश हरे
- साईं बाबा
- बालाजी
- बाबा रामदेव जी
- रविदास जी
- महावीर भगवान
- शारदा माता
- भैरव आरती
- राधा जी
- पितर
- पार्वती जी
- आरती कुंजबिहारी

हिन्दीपथ.कॉम

- जय शिव ओंकारा
- अन्नपूर्णा माता
- महालक्ष्मी जी
- ब्रह्मा जी
- तुलसी माता
- शाकंभरी माता
- गंगा मैया
- प्रेतराज सरकार
- सूर्य भगवान
- परशुराम जी
- नर्मदा जी
- बटुक भैरव
- कृष्ण आरती
- श्री विंध्येश्वरी
- विश्वकर्मा जी
- बाबा गंगाराम जी
- शीतला माता
- बगलामुखी आरती
- जाहरवीर बाबा
- आरती ललिता जी की

हिन्दीपथ.कॉम

- गुरु गोरखनाथ
- रघुवर लला
- लड्डू गोपाल
- गीता जी
- बद्रीनाथ
- श्री रामायण जी
- सरस्वती माता
- गौ माता
- केदारनाथ की
- बाबा बालक नाथ की
- श्री भागवत भगवान

हिन्दीपथ.कॉम